प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 22.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खरेला पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस सहित आपराधिक प्रवृत्ति के अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 22.07.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शस्त्र धारकों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना खरेला प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार द्वारा गठित उ0नि0 अजयपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे ओवर ब्रिज के पास बहद ग्राम परथनिया थाना खरेला जनपद महोबा पर चेकिंग के दौरान आपराधिक प्रवृत्ति के अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र शीतल अहिरवार उम्र 24 वर्ष नि0 ग्राम कुआं थाना खरेला जनपद महोबा को हिरासत में लिया जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूत 315 बोर नाजायज बरामद किया गया, बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 60/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मां0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 अजयपाल सिंह 2. हे0का0 सरताज सिंह
3.का0 मिथिलेश कुमार त्रिपाठी 4.का.चन्द्रकुमार भारती

### अभियुक्त का अपराधिक इतिहास:-

1.मु.अ.सं.97/22 धारा 323/452/504/506 भादवि थाना कबरई जिला महोबा
2.मु.अ.सं.98/22 धारा 323/34/504/506भादवि थाना कबरई जिला महोबा
3.मु.अ.सं.102/22 धारा 8/20 NDPS ACT थाना कबरई जिला महोबा
4.मु.अ.सं.65/18 धारा 147/148/149/307/323/342/452 भादवि थाना खरेला
5.मु.अ.सं.75/21 धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट थाना खरेला जनपद महोबा
6.मु.अ.सं.108/20धारा147/148/149/307/323/352/427/452/506/504भादवि खरेला
7.मु.अ.सं.60/22 धारा 3/25 A ACT थाना खरेला जनपद महोबा



# थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 22.07.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड के निकट पर्यवेक्षण मे अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये़ जा रहे वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी के अभियान में थाना महोबकंठ प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 सर्वेन्द्र सचान मय हमराह का0 आकाश वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 97/22 धारा 308/504 भादवि के वांछित अभियुक्त संजू पुत्र मलखान अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम नैपुरा थाना महोबकंठ जिला महोबा को मेन रोड टोलप्लाजा से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

1. उ0नि0 सर्वेन्द्र सचान
2. कां0 आकाश वर्मा

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

संजू पुत्र मलखान अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम नैपुरा थाना महोबकंठ जिला महोबा सम्बन्धित मु0अ0स0 97/22 धारा 308/504 भादवि



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 22.07.2022

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय, महोबा में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक 22.07.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम सहित क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता गंगवार मौजूद रहे।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 22.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोंकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध की चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर के गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों के धरपकड अभियान के क्रम में आज दिनांक 22.07.2022 को थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री बलराम सिंह द्वारा गठित की गयी टीम उ0नि0 गणेश कुमार चौकी प्रभारी पसवारा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियान के तहत मां0 न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम में पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त महेश पाल पुत्र शिवलाल को गिरफ्तार कर मां0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 गणेश कुमार चौकी प्रभारी पसवारा थाना कोतवाली महोबा।
2. का0 अमन शर्मा
3. का0 प्रमोद सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्त

महेश पाल पुत्र शिवलाल वर्ष निवासी ग्राम रतौली थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा



# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहार,श्रावण मास व कांवड यात्रा के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैंदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।




आज दिनांक **22.07.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में आगामी त्यौहार,श्रावण मास व कांवड यात्रा के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा संवेदनशील स्थानों एंव सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गस्त कर अवैध अतिक्रमण को हटाने के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील । स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर **117** ई-चालान किये गये।







महोबा पुलिस